विन सहकार नहीं उद्धार

# दी चबूतरा कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

**डा0 चूबतरा तहसील सुजानपुर जिला हमीरपुर हि0 प्र0**

## सभा की सफतला की कहानी



# सफलता की कहानी

## दी चबूतरा कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

दी चबूतरा कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित चबूतरा डा चबूतरा तहसील सुजानपुर जिला हमीरपुर हिप्र का पंजीयन 5.6.1927 को पंजीयन संख्या 09 के अंतर्गत हुआ था। उस समय क्षेत्र के 10 प्रमुख व्यक्तियों ने 10–10 रूपये भागधन डालकर अपनी वितिय समस्याओं के निवारण हेतु इस सहकारी सभा को शुरू किया था। उस समय साहुकारों के अतिरिक्त कोई ऐसी संस्था या बैंक दूर दूर तक नहीं होता था। क्षेत्र में गरीबी होती थी परंतु इसके बावजूद लोगों ने धीरे धीरे सहकारी सभा में रूची लेनी शुरू की।

1985 में सभा के 698 सदस्य थे जिनका भागधन 73859.26 रूपये था। सभा के कार्यषील पूंजी 397940. 21 रूपये थी। 1980 से पहले सभा का अपना कोई भवन नहीं था। सन 1980 में सभा द्वारा अपने भवन का निर्माण किया गया। लोगों की सुविधा को मध्यनजर रखते हुए सभा द्वारा री में एकीकृत सहकारी विकास परियोजना के तहत भवन का निर्माण किया गया तथा उसमें सभा द्वारा डिपो खोला गया जिसमें वहां के लोगों को नजदीक PDS का राषन मिलना षुरू हुआ। री डिपो में PDS के साथ 2014.15 में N/ CONTROL का काम भी षुरू किया गया।



2008 में सभा द्वारा दूसरी मंजिल का निर्माण किया गया। 2011.12 में सभा द्वारा एकीकृत विकास परियोजना के तहत चबूतरा में एक और भवन का निर्माण किया गया। इस समय सभा के अपने तीन भवन हैं। सभा में वर्तमान में एक सचिव. एक सह सचिव व दो विक्रेता कर्मचारी नियमित रूप से कार्यरत हैं।



सभा अपने सदस्यों को एक लाख रूपये तक का ऋण दो जामनान के आधार पर खाद. मकान बनबाने बीज पशु व भूमि सुधार हेतु 10 प्रतिशत साधारण ब्याज पर देती है। समय के साथ साथ सभा ने बचत खाते के अतिरिक्त सावधि खाते आवर्ती जमा व बच्चों के लिए बाल समृद्धि जमा योजना शुरू कर रखी है। लोगों में बचत की भावना को बढाने के लिए सभा की ओर से जमा कर्ताओं को प्रोत्साहित भी किया गया ।



सभा 2014 से पहले केवल ऋण व बचत का काम ही करती थी तथा PDS वस्तुओं का कारोबार करती थी। 2014 में सभा द्वारा लोगों की मांग को मध्यनजर रखते हुए इलेक्टानिक आईटम–एलईडी–फ्रिज– वाशिंग मशीन– मैटस और बूडन फर्नीचर–अलमीरा स्टील व बूडन समृधि नीलकमल कुर्सियां नान कंटोल इत्यादि का कारोबार शुरू किया। जिसमें सभा के सदस्यों को उचित दर पर अपनी जरूरत का सामान उपलब्ध हो रहा है। जिससे लोगों को भी नजदीक सुविधा उपलब्ध हो रही है तथा सभा को भी लगातार प्रगति पर अग्रसर हो रही है। सभा साप्ताहिक अवकाश के अतिरिक्त वर्ष में केवल 4 ही अवकाश 15 अगस्त– 26 जनवरी– 2 अक्तूबर व दिवाली के दूसरे दिन करती है। सभा द्वारा अपने अमानतदारों को पूरी सुविधा प्रदान की जाती है व कार्य समय के अतिरिक्त भी आवश्यकता को पूर्ण करती है और बैंक से बढ्कर सुविधा अपने ग्राहकों को देती है। यही कारण है कि लोगों में सहकारी सभा के प्रति विश्वास बढ्ा है। इसी प्रकार सभा किसानों को समय पर खाद बीज उपलब्ध करवाती है व उपभोक्ताओं

को भी समय पर सरकार द्वारा नियंत्रित मूल्यों पर ही दी जाने वाली वस्तुएं जैसे चीनी चावल आटा दाल नमक व खाद्य तेल उपलब्ध करवाती है। सभा में प्रबंधक समिति के चुनाव 5 वर्ष के लिए नियमानुसार विभागीय देख रेख में होते हैं व शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव होते हैं। सभा कार्यक्षेत्र को 7 वार्डों में बांटा गया है व 7 सदस्य लोकतांत्रिक ढंग से चुने जाते हैं जो कि आपस में से एक अध्यक्ष व एक उपाध्यक्ष का चुनाव करते हैं। चुनाव में महिलाओं व अनुसूचित जाति के लोगों की विशेष भागीदारी रहती है।





**कर्मचारी वर्ग–** सभा में वर्तमान में चार कर्मचारी कार्यरत हैं व सभी कर्मचारी पूरी निष्ठा– लग्न मेहनत व ईमानदारी से कार्यरत हैं। सभा कर्मचारियों को सरकार द्वारा निर्धारित वेतनमान दिए जाते हैं।

**प्रबंधक समितिः–** प्रबंधक समिति के सभी सदस्य बडे अनुभवी–कर्मठ व मेहनती हैं व सहकारिता के बारे में अच्छा ज्ञान रखते है। प्रबंधक समिति की बैठकें नियमित तौर पर हर माह की 7 तारीख को होती है। प्रबंधक समिति सभा के कारोबार को बढाने हेतु दिन रात मेहनत करती है। हमारी सभा पूर्व में भी रही प्रबंधक समितियों की आभारी है जिनके सहयोग से आज हमारी सभा इतनी प्रगति पर है।

ई-सेवा

# डिजिटल सेवा

## कॉमन सर्विस सेंटर

THE CHABUTRA CO-OPERATIVE AGRICULTURE SERVICE SOCIETY LTD

कामन सर्विस सेंट पर संक्षिप्त नोट कामन सर्विस सेंट डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत मिशन कोड परियोजनाओं में से एक है। इस योजना के तहत सहकारी सभा को कामन सर्विस सेंटर मिलने के उपरांत सहकारी सभा स्थानीय स्तर पर सेवाओं को एक व्यापक पोर्टफोलियो प्रदान कर रही है। जिसमें सदस्यों को हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। सीएफसी की एक विशेषता यह है कि यह ग्रामीण क्षेत्रों में केक सक्षम ई गर्वनेंस सेवाओं को पेशकश कर रहा है!



# PROGRESS REPORT LAST THREE YEARS

| S.No | Particulars | 2022-2023 | 2023-2024 | 2024-2025 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Member | 1680 | 1708 | 1725 |
| 2 | Share Capital | 3111800 | 3351900 | 3721900 |
| 3 | Deposit | 115220167 | 121058901 | 13073782 |
| 4 | Fund | 5353160.71 | 6420671.3 | 7547898.4 |
| 5 | Loan | 13765237 | 13599315 | 13793511 |
| 6 | Dividend | 15% | 20% | 12% |
| 7 | Sale/Control | 7444156 | 6717495 | 7568185 |
| 8 | Sale/Non Control | 4148962 | 3961600 | 3749807 |
| 9 | Gross Profit | 637432 | 576243 | 615040 |
| 10 | Net Profit | 1506005.59 | 1528896.1 | 973482 |
| 11 | Balance Sheet | 132225622.5 | 142878428.6 | 153107018.6 |


SAVE
EVERY DAY
LG
SAFETY
DURABILITY
EFFICIENCY
Smart Inverter Motor
Jet Spray
Smart Inverter
with Jet Spray+







# THANK YOU

करचरणकृतं वाक् कायजं कर्मजं श्रावण वाणंजं
वा मानसंवापराधं ।

विहितं विहितं वा सर्व मेतत् क्षमस्व जय जय
करूणाब्धे श्री महादेव शम्भो ॥

